प्रेषक,

डा. तरन्नुम बानो.
जनपदीय नोडल अधिकारी (उच्च शिक्षा)
गोरखपुर

सेवा में,

1. कुलसचिव, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर
2. कुलसचिव, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर
3. प्राचार्या / प्राचार्य, समस्त शासकीय / अशासकीय सहायता प्राप्त / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय जनपद-गोरखपुर

पत्रांकः रोजगार मेला /उ.शि.गो.-01/2023-24 दिनांक : 01/02/2024

विषय : **दिनांक 04 फरवरी, 2024 को आयोजित वृहद रोजगार मेले के सन्दर्भ में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपको सादर अवगत कराना है कि **मा० मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार** की अध्यक्षता में दिनांक 04.02.2024 दिन रविवार को प्रातः 08.00 बजे से सायं 05.00 बजे के मध्य वृहद रोजगार एवं कौशल कुम्भ मेले का आयोजना **मदन मोहन मालवीय प्रौद्यौगिकीय विश्वविद्यालय, गोरखपुर** के प्रांगण में निर्धारित है। जिसमें 150 से अधिक प्रतिष्ठित कम्पनियां लगभग 15,000 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग करेंगी। रोजगार मेले में बहुराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर की कम्पनियाँ सम्मलित है। इस मेले में आई0टी0आई0 कौशल विकास, पालिटेक्निक, स्नातक, परास्नातक, इण्टरमीडिएट आदि समस्त इंजीनियरिंग, नान इंजीनियरिंग कोर्स की रिक्तियाँ सम्मलित है। उपरोक्त योग्यता धारक अपनी सुविधानुसार कम्पनियों के साक्षात्कार में सम्मिलित हो कर के रोजगार प्राप्त कर सकते है। कम्पनियों द्वारा योग्यता के अनुसार मानदेय का भुगतान किया जायेगा। रोजगार मेले में भाग लेने वाले छात्र व छात्राओं को www.upsdm.gov.in पर अपना पंजीकरण कराना होगा।

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपसे अनुरोध हैं कि आप अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के मध्य उक्त रोजगार मेले की सूचना का व्यापक प्रसार-प्रचार कर तथा अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं को प्रतिभाग कराने का कष्ट करें।

भवदीय

डा. तरन्नुम बानो
जनपदीय नोडल अधिकारी
(उच्च शिक्षा) गोरखपुर

पृ.सं. : रोजगार मेला /उ.शि.गो.-01 (1-3) /2023-24 / तददिनांक

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा), उच्च शिक्षा निदेशालय उ.प्र. प्रयागराज
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर
3. उच्च शिक्षा विभाग गोरखपुर के समस्त समूहों पर प्रेषित

डा. तरन्नुम बानो
जनपदीय नोडल अधिकारी
(उच्च शिक्षा) गोरखपुर

Scanned with OKEN Scanner